संख्या-7/555/41-2014-99 यो0/13

प्रेषक,

श्याम मोहन तिवारी,
अनुसचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा मे,

महानिदेशक,
पर्यटन,
उ0प्र0, लखनऊ ।

पर्यटन अनुभाग लखनऊ:: दिनांक:: 04 मार्च, 2014

विषय: आगरा-ब्रज परिक्षेत्र एवं बौद्व परिपथ में प्रो-पुअर टूरिज्म डेवलपमेंट परियोजना हेतु धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशालय के पत्र संख्या-3326/प्रो-पुअर टूरिज्म परियो0 /2014, दिनांक-11.02.2014 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- चालू वित्तीय वर्ष 2013-14 में राज्य सेक्टर के अन्तर्गत हेतु आगरा-ब्रज परिक्षेत्र एवं बौद्व परिपथ में विश्व बैंक सहायतित प्रो-पुअर टूरिज्म डेवलपमेंट परियोजना हेतु रू0-125.00 लाख (रूपये एक करोड़ पच्चीस लाख) मात्र धनराशि की वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष अनुमति निम्नलिखित शर्तो के अधीन प्रदान करते है:-

1. स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण/व्यय नियमानुसार सुसंगत वित्तीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाए।
2. स्वीकृत धनराशि का व्यय किसी अन्य प्रयोजन हेतु कदापि नहीं किया जायेगा एवं उक्त कार्यो को अनुमोदित लागत के सीमान्तर्गत ही किया जायेगा।
3. कार्य की वित्तीय/भौतिक प्रगति की सूचना व उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को ससमय उपलब्ध कराया जायेगा।
4. योजनान्तर्गत स्वीकृत धनराशि का व्यय नियमानुसार समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात ही किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- उक्त के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-44 के लेखा शीर्षक-5452-पर्यटन पर पूंजीगत परिव्यय-80-सामान्य-104-संवर्धन तथा प्रचार-04-आगरा-ब्रज परिक्षेत्र एवं बौद्व परिपथ में प्रो-पुअर टूरिज्म डेवलपमेंट परियोजना-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग आशासकीय संख्या-ई-7-340/दस-2014, दिनांक-04 मार्च, 2014 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

श्याम मोहन तिवारी
अनुसचिव

<u>संख्या-7/555/(1)/41-2014 तददिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. प्रधान महालेखाकार (सिविल) आडिट, उत्तर प्रदेश, सत्यनिष्ठा भवन, भवन, 15-ए, दयानन्द मार्ग, इलाहाबाद।
2. सचिव, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
3. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ ।
4. निजी सचिव, मा0 पर्यटन मंत्री, उ0प्र0 लखनऊ।
5. वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
6. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-7/नियोजन अनुभाग-4
7. कन्ट्री डायरेक्टर, विश्व बैंक, नई दिल्ली।
8. श्री राजा राम, वेब अधिकारी, पर्यटन विभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इसे वेब-साइट पर अंकित करना सुनिश्चित करें।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

श्याम मोहन तिवारी
अनुसचिव

http://shasanadesh.up.nic.in